दैनिक विश्वमित्र
• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •
कोलकाता बृहस्पतिवार ■ 18 अगस्त 2022 ■ भाद्रपद कृष्ण 7 संवत् 2079

मीनू बुधिया को आर्किटेक्ट ऑफ चेंज पुरस्कार

कोलकाता, 17 अगस्त (नि.प्र.)। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से पूर्वी भारत के सबसे बड़े ब्रांड सम्मेलन ब्रांडएज 2022 का आयोजन आइटीसी सोनार, कोलकाता में किया गया। ब्रांडिंग के भविष्य, रचनात्मक कम्युनिकेशन तथा अन्य विषयों पर चर्चा सत्र के अलावा एक समापन सत्र आयोजित किया गया जहां केयरिंग माइंड्स, आइकैनफ्लाई और कैफे आईकैनफ्लाई की संस्थापक-निदेशक साइकोथेरपिस्ट सुश्री मीनू बुधिया को आर्किटेक्ट ऑफ चेंज के तौर पर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके बेहतर भविष्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेलिंडा पावेक (कौंसल जनरल, यूएस कौंसुलेट जनरल, कोलकाता) और डॉ धृति बनर्जी (निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण) उपस्थित थे।

अवार्ड ग्रहण करते हुए सुश्री बुधिया ने कहा, परिवर्तन की वास्तुकार के तौर पर पुरस्कृत किये जाने पर मैं सम्मानित और विनम्र महसूस कर रही हूं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया को इस मान्यता के लिए धन्यवाद। मेरा सबसे बड़ा धन्यवाद मेरी छोटी बेटी प्राची के लिए है, जो विशेष आवश्यकता वाली बच्ची है। उसने ही मुझे प्रेरित किया कि मैं न केवल परिवर्तन ही लाऊं बल्कि परिवर्तित भी हो जाऊं। उज्जवल, खुशहाल और सबको एकसाथ लेकर चलने वाले कल की राह में सबसे बड़ी चुनौती है सामाजिक रुकावट- लोग क्या कहेंगे, लोके की बोलबे । हममें से हरेक उस समाज का निर्माण करता है जहां हम रहते हैं और अगर हम इस रुकावट को तोड़ सकें तो लोगों को इसके लिए जरूरी सहायता हासिल करने में डर या शर्म नहीं लगेगी।

हर एक दूसरे को सिखाता है की भावना को अपनाते हुए हमें दो मंत्रों को आत्मसात करने की जरूरत है - पहला , अपूर्णता ही सौंदर्य है और दूसरा समावेश एक अधिकार है, कुछ चुनिंदा लोगों का विशेषाधिकार नहीं । मेरे प्रयास केयरिंग माइंड्स और आईकैनफ्लाई के जरिये मेरा फोकस इस सामाजिक रुकावट को समाप्त करने और समूचे सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य तथा भौगोलिक बाधाओं में गुणवत्तापूर्ण, सहज उपलब्ध समाधान मुहैया करना है। मैं अपने परिवार तथा विस्तारित परिवार- मेरी सभी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं जो असंभव को रोज संभव बनाते हैं।

पीआरएसआइ का ब्रांडएज के साथ उद्देश्य ब्रांड और इमेज कंसलटेंट्स, कम्यूनिकेशन और पीआर प्रैक्टिशनर्स, प्रबंधन व मीडिया कंसलटेंट्स, केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों, शिक्षाविद, पत्रकार, विज्ञापन प्रोफेशनल्स, डिजिटल मीडिया प्रोफेशनल्स सबको एक साथ लाकर विशिष्ट ज्ञानसंपन्न लोगों की बैठक कराना था जिससे ब्रांडिंग, कम्युनिकेशन और पब्लिक रिलेशंस के भविष्य की संभावनाओं को तलाशा जा सके।